कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल उमरिया (म०प्र०)

Office Ph.No.- 07653-222217, Mb.No. 9424794505, email id - dfotumaria@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2023/ 2034 उमरिया, दिनांक/ 17/10/2023

प्रति

मुख्य वन संरक्षक,
वनवृत्त शहडोल (म.प्र.)

विषय :- वनमण्डल दक्षिण शहडोल के परिक्षेत्र शहडोल के विभिन्न खसरो के रकवा 15.549 हे0 राजस्व वनभूमि एवं वनमण्डल उमरिया के परिक्षेत्र घुनघुटी के वन कक्ष RF-227 एवं PF-779 के रकवा 46.488 हे0 वनभूमि तथा विभिन्न खसरो की रकवा 18.553 हे0 राजस्व वनभूमि कुल 80.58 हे0 वनभूमि में शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक अन्तर्गत भूमिगत कोयला उत्खनन तथा उपरिसतह उपयोग के व्यपवर्तन का मेसर्स सारदा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) का प्रस्ताव।

संदर्भ :-
1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) वन भवन भोपाल (म.प्र.) के पत्र क्र0/एफ-1/839/2023/10-11/4317 दिनांक 26.09.2023
2. मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/21 दिनांक 06.10.2023

विषयान्तर्गत, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) वन भवन भोपाल (म.प्र.) द्वारा संदर्भित पत्र से विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार द्वारा चाही गई 09 बिन्दुओं में जानकारी ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग-1 में अपलोड कर आवश्यक अभिलेख दो प्रतियों में अभिमत सहित प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है।

भारत सरकार द्वारा चाही गई 09 बिन्दुओं में से बिन्दु क्रमांक-I से VIII तक कि जानकारी आवेदक संस्थान द्वारा ऑनलाईन भाग-1 में अपलोड कर संदर्भित पत्र क्रमांक-2 द्वारा आवश्यक अभिलेख दो प्रतियों में प्रस्तुत किया गया है एवं बिन्दु क्रमांक-IX से संबधित जानकारी वनमण्डल दक्षिण शहडोल द्वारा उपलब्ध कराई जावेगी।

अतः आवेदक संस्था द्वारा प्रस्तुत आवश्यक अभिलेख दो प्रतियों में अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न सम्प्रेषित है।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

(मोहित सूद)
भा.व.से.
वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल उमरिया (म.प्र.)

पृ.क्र./मा.चि./2023/ 2035 उमरिया, दिनांक/ 17/10/2023

प्रतिलिपिः-

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) वन भवन भोपाल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उमरिया (म.प्र.)